तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4 चन्द्रहासिनी मंदिर परिसर में चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन, 868 श्रद्धालुओं ने लिया लाभ






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025




की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### शिक्षकों ने जानें पढ़ाई के नए व आधुनिक तरीके

**रायगढ़।** संस्कार स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय सीबीपी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। द थ्योरी ऑफ़ नॉलेज ओ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सीबीएसई के विषय विशेषज्ञों ने शिक्षकों को आधुनिक और प्रभावी तरीके से पढ़ाई करने के तरीके बताए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने उत्साह से हिस्सा लिया। स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि सीबीएसई के निर्देश पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार हमारी संस्था में शिक्षकों के लिए सीबीपी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। 'द थ्योरी ऑफ़ नॉलेज ओ विषय पर आयोजित एक दिवसीय सीबीपी प्रशिक्षण में नारायण ई-टेक्नो स्कूल बिलासपुर के संस्था प्रिंसिपल प्रभास चंद्र व ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बिलासपुर की प्रिंसिपल श्रीमती श्रुति दास ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। दोनों विशेषज्ञों ने अपने मूल्यवान ज्ञान और व्यावहारिक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि सीबीपी का अर्थ क्षमता निर्माण कार्यक्रम केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम है, जो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के अनुसार पढ़ाने के आधुनिक और प्रभावी तरीके सिखाता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षकों की व्यावसायिक क्षमता बढ़ाना और छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाना है, ताकि वे छात्रों में बेहतर समझ और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर सकें। यह कार्यक्रम शिक्षकों को पढ़ाने की नई और व्यावहारिक रणनीतियों से परिचित कराता है। शिक्षक विषयों की गहरी समझ विकसित कर पाते हैं, जिससे वे कक्षा में उन्हें अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं। शिक्षकों को पढ़ाई को सरल और आकर्षक बनाने के लिए नए उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करना सिखाया जाता है।

### डाक विभाग मना रहा राष्ट्रीय डाक सप्ताह

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित राष्ट्रीय डाक सप्ताह इस वर्ष भी 10 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। रायगढ़ डाक संभाग द्वारा इस सप्ताह के अंतर्गत डिजिटल इंडिया से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में विभिन्न रचनात्मक और जनसेवाभावी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य है जनसेवा, पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार, वित्तीय सशक्तिकरण और नागरिक केंद्रित सेवाओं को बढ़ावा देना। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कई जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, शिविर और संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे है। जिसमें पहले दिन 6 अक्टूबर को डाकघरों में नई तकनीकों पर आधारित क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सोशल मीडिया पर टेक्नोलॉजी एनेबलमेंट से संबंधित इन्फोग्राफिक्स साझा किए गए। साथ ही ग्राहकों एवं कर्मचारियों के अनुभवों पर आधारित विशेष वीडियो श्रृंखला भी जारी की गई। इसी तरह आज 7 अक्टूबर को वित्तीय समावेशन दिवस मनाया गया। जिसमें रायगढ़ संभाग ग्रामीण क्षेत्रों में सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य डाक वित्तीय योजनाओं पर केंद्रित जनजागरूकता शिविर लगाया गया। जहां डाक चौपाल का आयोजन हुआ। वहीं प्रेरक मानवीय कहानियों और वित्तीय समावेशन से संबंधित इन्फोग्राफिक्स का प्रदर्शन

### ड्रग इंस्पेक्टरों ने तीन थोक एजेंसियों में की जांच, श्रेशन कंपनी की दवाओं को कराया गया होल्ड

# मौत का सिरप! दो राज्यों में 16 बच्चों की जान जाने के बाद रायगढ़ में भी लिया गया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राजस्थान और मध्यप्रदेश में श्रेशन कंपनी की कोलड्रिफ कफ सिरप पीने से 16 बच्चों की मौत के बाद केन्द्र सरकार एक्शन मोड पर आ गई है। केन्द्र से जारी गाइडलाइन के अनुसार रायगढ़ में भी कप सिरप का सैंपल लेना शुरू हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टरों ने शहर के तीन थोक एजेंसियों में जांच करते हुए श्रेशन कंपनी की 5 दवाओं का सैंपल लेकर उसे जांच के लिए रायपुर स्थित लैब भेजा है।

हरिभूमि अलर्ट



दरअसल कोलड्रिफ कफ सिरप पीने से राजस्थान और मध्यप्रदेश में 16 बच्चों की मौत हो गई है। जिससे पूरे देश में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों को 5 साल से नीचे के बच्चों को दी जाने वाली दवा, सिरप को लेकर गाइडलाइन जारी किया है। छत्तीसगढ़ के ड्रग कंट्रोलर दीपक अग्रवाल के निदेशनुसार खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा रायगढ़ में संचालित थोक दवा विक्रेताओं के एजेंसियों की जांच की गई। टीम द्वारा शारदा मेडिकल एजेंसी, प्रमोद मेडिकल एजेंसी, प्राची मेडिकोज से तमिलनाडू द्वारा निर्मित श्रेशन फार्माक्यूटिकल के 5 औषधियों का सैंपल लेकर जांच के लिए रायपुर कालीबाड़ी स्थित लैब भेजा गया है। श्रेशन कंपनी के अलावा भी अन्य कंपनियों के कफ सिरप का सैंपल लेकर उसे जांच के लिए भेजा गया है।

#### तीनों एजेसियों से इन दवाओं का लिया गया सैंपल

खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा प्राची मेडिकोज से श्रेशन कंपनी की प्रोनिट सिरप 200 एमएल 4 बोटल, शारदा मेडिकल एजेंसी लालटंकी से रिस्पोलाइट एसटी सिरप 100 एमएल 4 बोटल, रिस्पोलाइट डी सिरप 4 बोटल, प्रमोद मेडिकल बीड़पारा से रानी ड्रॉप्स 30 एमएल 8 बोटल व नीमूडेज टेबलेट 200 नग का सैंपल लिया गया है। टीम में औषधि विभाग से ड्रग इंस्पेक्टर अमित राठौर, विजय राठौर व सविता रानी मौजूद थे।

#### केन्द्र सरकार ने जारी किया गाइडलाइन

भारत सरकार द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार कोई भी डॉक्टर 5 वर्ष के नीचे के बच्चों को क्लोरफेनिरामाइन मैलिएट 2 एमजी और फिनाइलेफ्राइन 5 एमजी सावधानी से निर्धारित करें। बच्चों में होने वाली अधिकांश तीव्र खांसी की बीमारियां स्वतः व अक्सर बिना किसी औषधीय हस्तक्षेप के ठीक हो जाती हैं। 2 साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। आमतौर पर ये 5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए अनुशंसित नहीं हैं।

#### रिपोर्ट आने तक नहीं होगी सप्लाई

ड्रग इंस्पेक्टर अमित राठौर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कोलड्रिफ कफ सिरप शुरू से ही बैन है, लेकिन श्रेशन कंपनी की अन्य दवाएं बिक रही हैं, ऐसे में अब उन दवाओं पर भी शक होने लगा है। जिससे श्रेशन कंपनी की दवाओं को 30 दिन के लिए होल्ड कर दिया गया है। जब सैंपल का रिपोर्ट आएगा उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। तब तक उक्त कंपनी की दवाओं की सप्लाई मेडिकल स्टोर्स में नहीं होगी और ना ही बिकेगी।

श्रेशन कंपनी की कोलड्रिफ कफ सिरप छत्तीसगढ़ में बैन है, इसलिए उसकी जांच कर रहे हैं। शहर के तीन थोक एजेंसियों की जांच में कोलड्रिफ सिरप तो नहीं मिला, लेकिन उक्त कंपनी के 5 दवाओं का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया है। जिसका रिपोर्ट 30 दिन में आएगा, तब तक के लिए उक्त कंपनी के दवाओं को होल्ड करा दिया गया है। इसके अलावा भी अन्य कंपनियों के कप सिरप का सैंपल लिया जा रहा है।

**अमित राठौर**
ड्रग इंस्पेक्टर, स्वास्थ्य विभाग

हमारे यहां तो कोलड्रिफ कफ सिरप सप्लाई में ही नहीं है। बुधवार को छत्तीसगढ़ सरकार का वीसी हुआ, जिसमें कहा गया है कि 5 साल से नीचे के बच्चों को तो ड्रग और सर्दी-खांसी का कोई भी फार्मुला लिखना ही नहीं है। वहीं जो भी केन्द्र सरकार की गाइडलाइन है उसे फॉलो करना है।

**डॉ. लक्ष्मणेश्वर सोनी**
शिशु रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज

### एग्रीस्टेक पोर्टल में डाटा वेरिफिकेशन जारी

**रायगढ़।** शासन द्वारा संचालित एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन और वेरिफिकेशन की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के अब तक 1,22,556 कृषकों का पंजीयन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पंजीयन उपरांत प्रत्येक प्रविष्टि का सत्यापन एवं अनुमोदन पटवारी और तहसीलदार स्तर पर किया जा रहा है। पूर्व में तमनार तहसील के 37 ग्रामों के किसानों का डाटा तकनीकी त्रुटि के कारण जिला जशपुर के ग्राम मनोरा में प्रदर्शित हो रहा था, जिससे वेरिफिकेशन प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र शासन की फार्मर रजिस्ट्री तकनीकी टीम द्वारा समस्या का समाधान कर दिया गया है। अब संबंधित ग्रामों का समस्त डाटा तहसील तमनार के पटवारी एवं तहसीलदार की आईडी पर प्रदर्शित हो रहा है, जहां डाटा वेरिफिकेशन एवं अप्रूवल का कार्य तेज गति से जारी है। भू अभिलेख शाखा के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025 में समर्थन मूल्य पर धान पंजीयन से कोई भी पात्र किसान वंचित नहीं रहेगा। सभी पात्र कृषकों का पंजीयन और अनुमोदन एग्रीस्टेक पोर्टल में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा।

## करमागढ़ मानकेश्वरी मंदिर मेले में फरसा लहराते दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस ने मानकेश्वरी मंदिर के मेला स्थल जामगांव में धारदार हथियार लेकर घूम रहे दो युवकों को पकड़कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपी फरसा लहराते हुए लोगों को भयभीत कर रहे थे, जिन पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट की सख्त धाराओं में मामला दर्ज किया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि मानकेश्वरी मंदिर के मेला में दो युवक फरसा लेकर लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में हाथ में फरसा लिए युवक ने अपना नाम पुरोहित चौहान पिता सालिकराम चौहान 28 वर्ष निवासी जामगांव कोलाईबहाल व उसके साथी ने संजू मिर्धा पिता ईश्वर मिर्धा 25 वर्ष निवासी सराईपाली बताया। मौके पर मौजूद गवाहों ने भी पुष्टि की कि दोनों युवक फरसा लहराते हुए लोगों को धमका रहे



थे। पुलिस ने पुरोहित चौहान के कब्जे से लोहे का धारदार फरसा जब्त करते हुए दोनों के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं दोनों आरोपियों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। दिया है। कार्रवाई उप निरीक्षक गेंदलाल साहू के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, आरक्षक अभय यादव और चंद्र कुमार बंजारे की टीम ने की।

## जर्जर सड़क को लेकर शुरू हुई मौन, भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के कोयलांचल क्षेत्र में जर्जर सड़कों से परेशान ग्रामीणों की समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। बार-बार ज्ञापन और आंदोलनों के बावजूद प्रशासन के आश्वासन केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। इसी के खिलाफ ओबीसी महासभा के संभाग उपाध्यक्ष चैतुराम साहू ने सोमवार दोपहर से मरते दम तक मौन भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। श्री साहू ने बताया कि कोयला परिवहन के कारण छाल क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। ऐडु पुल से छाल-घरघोड़ा चौक, थानापारा, धूल चौक से नवापारा तक की सड़क




#### कई बार आन्दोलन के बाद भी प्रशासन ने नहीं ली सुध, लोगों की समस्याओं से नहीं कोई वास्ता

लंबे समय से जर्जर है। स्कूली बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। भारी वाहनों से आए दिन जाम की स्थिति बनती है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से हादसों का खतरा और बढ़ गया है। उन्होंने याद दिलाया कि 12 जुलाई को तहसीलदार ने लिखित आश्वासन दिया था कि वर्षाकाल के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा और गड्ढों की मरम्मत होती रहेगी, लेकिन आज तक न तो मरम्मत का काम हुआ और न ही सड़क निर्माण शुरू हो सका।

#### आंदोलन को मिल रहा है समर्थन

चैतुराम साहू का कहना है कि सड़क बनने तक वे भूख हड़ताल पर अडिग रहेंगे। उनके इस आंदोलन को ओबीसी महासभा के जिला प्रवक्ता श्रीमंत राव मेश्राम, जनपद पंचायत सदस्य संतराम खुंटे, जिला अध्यक्ष नंदलाल चंद्रा, श्याम राठिया सरपंच, भगतराम राठिया सरपंच बोजिया सहित कई ग्रामीणों का समर्थन मिल रहा है।

## प्रगतिरत कार्यों को समय पर गुणवत्ता के साथ करें पूरा : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामकाज की गहन समीक्षा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के



जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो निर्माण कार्य अभी तक अप्रारंभ हैं, उसे शीघ्र शुरू किया जाए। साथ ही, जो कार्य प्रगति पर हैं, उसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सीईओ ने सभी उपस्थित अधिकारियों को सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## अवैध स्पा सेंटरों पर कार्रवाई कराने सड़क पर उतरा सर्व नाई समाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सर्व नाई समाज के बैनर तले जिला सैलून संघ ने सैलून व्यवसाय को सेन नाई समाज के लिए प्रदेश स्तर पर आरक्षित करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाये जाने तथा अवैध स्पा सेंटरों पर कार्रवाई करने सहित चार सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सर्व नाई सेन समाज के लोग परंपरागत रूप से सैलून व्यवसाय से जुड़े हैं और यह व्यवसाय उनके समाज की आजीविका का प्रमुख साधन है। नाई सेन समाज की सांस्कृतिक और परंपरागत पहचान भी इसी से जुड़ी है। वर्तमान में उनके कार्य के साथ समाज में कई समस्याएं और शिकायतें सामने आ रही है। ऐसे में सर्व नाई समाज द्वारा सैलून व्यवसाय को सेन नाई समाज के लिए प्रदेश स्तर पर आरक्षित किए जाने की मांग की जा रही है, ताकि उनके समाज की परंपरागत जीविका सैलून व्यवसाय पूर्ण रूप से उनके समाज के लोगों के लिए सुरक्षित रहे। सर्व नाई समाज की यह भी मांग है कि सैलून व्यवसाय के आड़ में चल रहे अवैध स्पा सेंटरों की जांच की जाए और गलत पाए जाने वाले स्पा सेंटरों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

#### आज पर्यंत तक नहीं मिला कोई लाभ

सर्व नाई समाज का कहना है कि केश शिल्पी कल्याण बोर्ड से नाई सेन समाज को आज पर्यंत तक कोई वास्तविक लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा। ऐसे में इस संबंध में विशेष पहल कर योजनाओं का लाभ सीधे समाज को प्रदान कराया जाए तो वहीं शासन द्वारा सैलून कार्य के लिए जारी शासकीय नौकरी ट्रेड मैन और अन्य विज्ञापित पदों के लिए नाई सेन समाज को प्राथमिकता दी जाए।

#### वरिष्ठ नागरिकों, नशामुक्ति अभियान में सहयोग देने वालों को भी दिया गया प्रशस्ति पत्र

## छाल पुलिस ने समाजसेवियों, छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार को थाना छाल में प्रेरणादायी पहल के तहत सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा क्षेत्र के मेधावी छात्राओं, पुलिसमित्रों, कोटवारों, वरिष्ठ नागरिकों और नशामुक्ति अभियान में सहयोग देने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही। थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिपाठी व उपनिरीक्षक मदन पाटले ने छात्रा कुमारी संजना राठिया, कुमारी लक्ष्मी महंत और इमरान खान तीनों हाई स्कूल छाल के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। पुलिस सहयोगी के रूप में श्रीमती लक्ष्मी राठिया पंच




सिंघीझाप, रेशम लाल राठिया ग्राम पटेल सिंघीझाप, तथा नशामुक्ति अभियान में विशेष योगदान देने वाले महेंद्र राठिया पिता सीताराम राठिया और रूपेंद्र पटेल पिता लखनलाल पटेल को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिक काशीराम राठिया 102 वर्ष, ग्राम बंगरसूता, कोटवार शिवदास महंत और ग्राम पटेल मालिक राम ग्राम पंचायत लामीखार को भी समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी त्रिपाठी ने सम्मानित सभी व्यक्तियों के कार्यों को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि ऐसे नागरिक समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और गणमान्य नागरिकों से आगे भी पुलिस को सहयोग देने का आग्रह किया। साथ ही उपस्थित लोगों से अपराधमुक्त और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में थाना स्टाफ सहित बड़ी संख्या स्कूली छात्राएं तथा स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में तीन छात्र-छात्राओं का चयन

**जैजैपुर।** राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में जी एस सी स्कूल जैजैपुर के तीन छात्र छात्राओं का चयन हुआ, जिसमें कु, नेहा बर्मन पिता घासीया राम बर्मनहर्षित साहू पिता छोटेलाल साहू ईशान चंद्रा पिता गुलाब सिंह चंद्रा शामिल हैं। राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना क्षेत्र वासियों ने की है। वही स्कूल के संचालक गुलाब सिंह चन्द्रा एवं शाला परिवार ने भी ऐसे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के द्वारा जी एस सी स्कूल का मान बढ़ाने की बात कही है। लगातार जी एस सी स्कूल के द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में मृतक के वारिस को मिलेंगे 25 हजार

**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटना में मृतक स्वर्गीय चेतराम बंजारा, पिता देशा राम बंजारा के निकटम वारिसान को आर्थिक सहायता अनुदान राशि हेतु 25 हजार रूपये की स्वीकृति मिली हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव से मिली जानकारी के अनुसार साकिन-सुसडेगा, तहसील पत्थलगांव निवासी चेतराम बंजारा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। शासन के निहित आदेश एवं प्रावधान के तहत उनके निकटतम वारिस सनकुंवर बाई को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 10 को

**अम्बिकापुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 10 अक्टूबर को जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत करजी में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सर्व सरपंच एवं सचिवों को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा कोटवार से मुनादी कराने कहा है ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर में उपस्थित होकर अपने समस्याओं का निराकरण करा सके।

### नर्सिंग होम एक्ट के तहत मेडिकल स्टोर व लैब सील

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिले में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक, पैथोलैब, नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोर में उपचार करने वालों झोला छाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बलरामपुर में निरीक्षण कर अवैध रूप से उपचार करने वाले संस्थाओं पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत सृष्टि मेडिकल स्टोर एवं नीलम हाईटेक डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सृष्टि मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से उपचार करना एवं बगैर फार्मासिस्ट के दवाओं का विक्रय करना पाया गया। इसी प्रकार नीलम हाई टेक डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर में रक्त परीक्षण एवं मरीजों को सुई लगाना व बच्चों को भाप देना पाया गया जो छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2013 का उल्लंघन है, जिसके तहत संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त दोनों संस्था को सीलबंद कर दिया गया है।

### ऑपरेशन आघात में पुलिस की एक और बड़ी कामयाबी

**जशपुरनगर।** जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चल रहे "ऑपरेशन आघात"के तहत जशपुर पुलिस ने फिर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगडीह के पास नेशनल हाइवे 43 पर नाकेबंदी के दौरान 426 कार्टून में भरी 6300 बोतलों (3825 लीटर) अंग्रेजी शराब से लदा ट्रक पकड़ा है। पुलिस ने ट्रक समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। जप्त शराब की बाजार कीमत 22 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त ट्रक क्रमांक आरजे -09 जी ई-0124 की कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में जशपुर पुलिस ने रणवीर सिंह (42 वर्ष), निवासी ग्राम कांग, गोविंदलाल साहिब, तरनतारन (पंजाब),जगदीप सिंह (30 वर्ष), निवासी मानुचर, चौकी चमकी नगर, तरनतारन (पंजाब) दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को 7 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंजाब-हरियाणा से अवैध अंग्रेजी शराब से भरा एक ट्रक जशपुर होते हुए रांची और वहां से बिहार ले जाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आगडीह के पास नेशनल हाइवे 43 पर नाकेबंदी की। इस दौरान आरजे-09-जी ई -0124 नंबर का संदिग्ध ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रोककर तलाशी ली। ट्रक की ट्रॉली में भूसी की बोरियों के नीचे 426 कार्टून में अंग्रेजी शराब छिपाई गई थी।

# छत्तीसगढ़ में डेढ़ माह तक मनाया जाएगा करमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं से परिपूर्ण राज्य है। यहां की आदिवासी संस्कृति, लोक नृत्य, लोकगीत और पारंपरिक पर्व न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में पूरे राज्य में भव्य करमा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। करीब डेढ़ माह तक चलने वाला यह कार्यक्रम 04 चरणों में आयोजित होगी। ग्राम स्तर पर इसकी शुरूआत 01 अक्टूबर से हो चुकी है। समापन राज्य स्तर पर 15 नवंबर को होगा।

■ जनजातीय परंपराओं की झलक बिखेरेंगे नर्तक दल

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन हेतु विशेष रूप से हैं प्रयासरत**



### मनोकामना पूर्ण करने वाला वृक्ष

करमा महोत्सव मनाए जाने का उद्धेश्य जनजातीय समुदायों द्वारा मनाये जाने वाले त्यौहारों में करम उत्सव एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इसके साथ ही सेंदों दो नृत्य एवं अन्य स्थानीय नृत्यों को भी महोत्सव के माध्यम से जनजातीय संस्कृति एव परम्परा को संरक्षित करना तथा मूल स्वरूप में आगामी पीढी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परम्पराओं को अभिलेख करना है। करम अर्थात विशेष प्रकार का पूजनीय और मनोकामना पूर्ण करने वाला वृक्ष माना जाता है। करमा डाल को करम राजा, करम सेनी के नाम से पुकारा जाता है। करम राजा अर्थात देवता एवं करम सेनी अर्थात देवी। सरगुजा संभाग के सभी जिलों में देवता के रूप में तथा जिला रायगढ में देवी के रूप में करम सेनी की सेवा की जाती है। इस त्यौहार के माध्यम से जनजातीय संस्कृति, उनके पारंपरिक रीति-रिवाज और कला संस्कृति का बढावा देना और संरक्षित करना है।

### चार चरणों में होगा महोत्सव

करमा महोत्सव ग्राम पंचायत स्तर, विकासखंड, जिला और राज्य स्तर परं आयोजित की जाएगी। ग्राम स्तर पर 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक, विकासखंड स्तर पर 16 से 31 अक्टूबर तक, जिला स्तर पर 01 नवंबर से 07 नवंबर तक और राज्य स्तर पर 08 नवंबर से 15 नंवबर तक मनाया जाएगा। करमा महोत्सव में करमा नृत्य, करमा गीत, जनजातीय लोक गायकों का प्रतिनिधित्व एवं जनजातीय समुदायों में प्रचलित परम्परागत वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। विकासखण्डों के अंतर्गत आने वाले चयनित ग्राम पंचायत में करमा त्यौहार कार्यकम आयोजन प्रति ग्राम 02 हजार रूपए के मान से तथा विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम हेतु प्रति वि.ख. 01 लाख तथा जिला स्तर में कार्यक्रम हेतु राशि 5 लाख रूपए तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु क्षेत्र एवं बजट उपलब्धता के आधार पर उपलब्ध करायी जायेगी। विकासखण्ड स्तर पर चयनित 02 करम नर्तक दलों को चिन्हांकित करते हुए जिलों में कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण हेतु भेजा जाएगा। जिला स्तर से चयनित 01 करम नर्तक दलों को राज्य स्तर में प्रस्तुतीकरण हेतु भेजा जायेगा।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन को सर्वोच्च प्राथमिकता, अधिकारी गंभीरता से करें कार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं में राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग को शीर्ष स्थान पर लाने के लिए संबंधित अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र किसान का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदानी अमला घर घर जाकर ऐसे किसानों से संपर्क स्थापित कर पंजीयन कार्य पूर्ण करे, जिनका अभी तक किसी कारणवश एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाया है। कलेक्टर ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल किसानों के लिए एक डिजिटल डेटाबेस है, जिसमें उनकी भूमि, फसल, बीमा और पहचान संबंधी सभी सूचनाएँ सुरक्षित रहती हैं। यह पोर्टल किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान करता है और शासन को किसान केंद्रित योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में सहायता करता है। उन्होंने कहा कि किसान कॉमन सर्विस सेंटर या धान खरीदी केंद्रों में जाकर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं।



### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर बल

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत योजनाए वय वंदना योजना, एनआरसी, सिकल सेल मिशन, कुष्ठ, टीबी उन्मूलन, डायलिसिस सुविधा एवं अस्पतालों की अधोसंरचना की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मानव संसाधन की उपलब्धता और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राशन कार्ड ई केवाईसी, चावल जमा प्रगति एवं सहकारी समितियों के गठन, स्कूली छात्र छात्राओं के आयए जाति एवं निवास प्रमाणपत्रों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र किसानों को शत.प्रतिशत लाभान्वित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जनदर्शन प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने जनदर्शन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला मुख्यालय में वरिष्ठ नागरिकों हेतु ओल्ड एज डे केयर होम के लिए उपयुक्त भवन चयन के निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, डॉ प्रियंका वर्मा सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, स्वामित्व योजना, त्रुटि सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना हैए इसमें अधिकाधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने मैदानी अमले को घर घर जाकर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट, सड़क अधोसंरचना विकास सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कद्दावर नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

ओड़िशा राजनीती के कद्दावर नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने भारतीय सेना में कलिंग रेजिमेंट के गठन की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक पत्र लिखा है।



उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि भारतीय सेना में ओडिशा के जवानों की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। ओड़िया सैनिक देशभर की विभिन्न रेजिमेंटों में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवा दे रहे हैं। फिर भी ओडिशा के गौरवशाली इतिहास और निरंतर योगदान के बावजूद कलिंग नाम की कोई रेजिमेंट अब तक गठित नहीं की गई है यह बात उन्होंने अपने पत्र में रेखांकित की। श्री राय ने बताया कि भारतीय सेना में पहले से ही आसाम, पंजाब, मराठा, डोगरा, गोरखा, राजपूत और नागालैंड आदि कई नामों पर रेजिमेंटें स्थापित हैं। ये रेजिमेंटें क्षेत्रीयता को नहीं बढ़ातीं, बल्कि भारतीय सेना की विविधता और एकता के प्रतीक के रूप में कार्य करती हैं।

उन्होंने कहा कि कलिंग रेजिमेंट के गठन के पीछे चार मुख्य तर्क हैं, कलिंग का ऐतिहासिक महत्व साहस, बलिदान और सभ्यतागत गौरव से जुड़ा है। ऐसी रेजिमेंट युवाओं को प्रेरित करेगी और ओडिशा से सेना में भर्ती को और मज़बूती देगी। यह कदम राष्ट्रीय एकता और समरसता को सुदृढ़ करेगा। ओडिशा में पहले से ही कई प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठान हैं। जैसे गोपालपुर स्थित आर्मी एयर डिफेंस कॉलेज, आईएनएस चिलिका, और अब्दुल कलाम द्वीप पर मिसाइल परीक्षण केंद्र जो इस दिशा में उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं। श्री राय ने कहा कि राष्ट्रपति के नेतृत्व ने पहले ही लाखों लोगों को प्रेरित किया है, और उन्होंने आशा जताई कि उनके कार्यकाल के दौरान कलिंग रेजिमेंट के गठन की दिशा में ठोस कदम शीघ्र उठाए जाएंगे।

### जशपुर वनमण्डल में मनाया जा रहा वन्यजीव संरक्षण सप्ताह

**जशपुरनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन जशपुर वनमण्डल के समस्त परिक्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में इस वर्ष 2025 में वन्यजीव सप्ताह मनाये जाने हेतु "मानव-पशु सह अस्तित्व विषय चुना गया है। साथ ही वन्यजीव सप्ताह के दौरान मानव-हाथी संघर्ष को ध्यान में रखते हुए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी तारतम्य में हाथी मानव द्वंद को न्यूनतम करने उद्देश्य से जशपुर वनमण्डल द्वारा गजरथ यात्रा 2025 का शुभारंभ किया गया है। गजरथ यात्रा फरसाबहार एवं कुनकुरी तथा बगीचा विकासखण्ड अन्तर्गत आने वाले 75 स्कूलों में पहुंचकर हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि की जानकारी लगभग 8205 छात्र व छात्राओं को अब तक दिया जा चुका है और वर्तमान में पत्थलगांव विकासखंड में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

## मण्डल संयोजक मुख्यालय से रहते हैं नदारद

**पत्थलगांव।** प्रभारी मण्डल संयोजक सरकारी आदेश से पद पर है लेकिन विकासखंड के मुख्यालय में कभी नहीं रहते।

जशपुर जिले का मुख्य विकासखंड जहां परमानन्द साय पैंकरा को प्रभारी मण्डल संयोजक के पद में रहकर कुल 33 छात्रावास एव आश्रम , बालक और बालिका दोनों की व्यवस्था देखनी है। स्थानीय अधिकारियों से लेकर किसी को ये नहीं पता है कि मण्डल संयोजक कहा रहते हैं। मण्डल संयोजक परमानन्द साय पैंकरा को पत्थलगांव मुख्यालय में रहकर छात्रावास निरीक्षण से लेकर सरकारी योजना जैसे धरती आंबा, कर्मयोगी आदि कार्यक्रमों में गांव गांव जाकर शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना होता है। मुख्यालय में मौजूद नही रहकर कैसे गांव के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा । जिसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला के आला अधिकारियों को भी नहीं है।जिस तरह उनके पत्थलगांव निवास ऑफिस में जाने रास्ता में घास फूस उगे हुए हैं उससे ये साफ जाहिर होता है कि प्रभारी मण्डल संयोजक पत्थलगांव मुख्यालय में नही रहते।



■ दफ्तर परिसर की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां आने जाने वाला कोई नहीं है

### जांच कराएंगेः एसडीएम

प्रभारी मण्डल संयोजक परमानन्द साय पैकरा के मुख्यालय में नहीं रहकर कार्य करने की शिकायत पर पत्थलगांव के एसडीएम ऋतुराज बिसेन ने कहा कि मुझे ये जानकारी मिली है कि प्रभारी मण्डल संयोजक परमानन्द साय पैकरा अपने मुख्यालय में नही रहते हैं। मैं जांच करवाता हूं। सही पाए जाने पर सबंधित विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई करने अनुशंसा की जाएगी।

## देसी कट्टे के साथ दो बंदी फैला रहे थे दहशत

**अंबिकापुर।** जंगल में देशी कट्टा से फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सनावल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डूमरपान करवनिया जंगल के समीप आनंद गौतम और मंसूर खान कट्टा लहराते हुए लोगों को धमका रहे है और फायरिंग की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। इस दौरान यह बात सामने आई कि आनंद गौतम ने फायरिंग कि और फिर अपने यूपी अपने ससुराल की ओर भाग रहा है।

# फर्जी प्रमाण पत्र किया जमा, समूह पर होगी कार्रवाई

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन , मुख्यमंत्री की घोषणा और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने कहा- भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के घोषणा के तहत स्वीकृति कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें इसके साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से जिला अस्पताल में मरीजों को दी जा रही भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में जिस अधि स्व सहायता समूह द्वारा भोजन का ठेका दिया गया है। उसकी शिकायत प्राप्त हुई और शिकायत में समूह द्वारा गलत अनुभव प्रमाण पत्र बनाकर ठेका प्राप्त किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और अधि स्व सहायता समूह पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करके विभागीय जांच के माध्यम से शासकीय सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ हितग्राहियों को देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल के बोझ से मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए इस योजना का लाभ अधिक से अधिक उठाएं योजना के तहत उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा एक किलोवाट सोलर सिस्टम पर 30 हजार रुपए और दो किलोवाट पर 60 हजार की सब्सिडी इसी प्रकार तीन किलोवाट से दस किलोवाट तक के संयंत्र पर अधिकतम 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन ने भी उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 30 हजार रुपए की सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ने धरती आबा योजनान्तर्गत चलाये जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत संचालित विशेष कार्यक्रम के तहत विज़न 2030 के अंतर्गत ग्राम के विकास के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर योजना का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कराने एवं सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को सभी विभागीय कार्यों को केवल ई-आफिस में माध्यम से निष्पादित करने हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी विभागों का जीएसटी रिटर्न फाइल करने एवं सभी कर्मचारियों का ई-केवायसी पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## अनुविभाग स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक

# वन अधिकार अधिनियम प्रमाण पत्र जारी करने प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जशपुर विश्वास राय मस्के की अध्यक्षता में अनुविभाग स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मारूत नन्दन पाण्डेय, उप प्रबंधक (पर्यावरण), एनएचएआई डीपीआर सलाहकार दिल्ली सहित समिति के सदस्य रंजीत भगत (जनपद पंचायत मनोरा), संजय लकवा (जनपद पंचायत सदस्य जशपुर), करन सिंह (अनुविभागीय अधिकारी, वन जशपुर), लोकहित भगत (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जशपुर) एवं मण्डल संयोजक जशपुर उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित "पत्थलगांव-जशपुर-सीजी व जेएच बॉर्डर ग्रीनफील्ड राजमार्ग के 4-लेन का विकास" (कुल लंबाई 104.250 किमी.) परियोजना के लिए वन भूमि के गैर-वानिकी उपयोग हेतु वन अधिकार अधिनियम प्रमाण पत्र जारी करने के विषय पर चर्चा की गई। यह परियोजना भारतमाला परियोजना (लॉट-5 पैकेज-7) के अंतर्गत प्रस्तावित है।

इस संबंध में ग्रामसभाओं से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा की गई। अनुविभाग जशपुर अंतर्गत बरगांव, भेलवाडीह, बिरोपानी, बोकी, गिरला, झोलंगा, लोखंडी, नारायणपुर सहित कुल 9 ग्रामों की ग्रामसभाएं आयोजित कर ग्राम वन समितियों द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 (संशोधित 2012) के तहत प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें किसी भी स्तर पर कोई पट्टा लंबित नहीं पाया गया। प्रस्तुत ग्रामवार प्रस्तावों के अनुसार कुल 37.40 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित पाया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त क्षेत्र हेतु वन अधिकार अधिनियम (FRA) प्रमाणपत्र जारी करने की अनुशंसा की जाए, जिससे परियोजना कार्यवाही आगे बढ़ सके। अनुविभागीय अधिकारी (रा) विश्वास राय मस्के ने बताया कि यह प्रस्ताव वन संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम, 1980 के अंतर्गत आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए पारित किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्य को क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और परियोजना को शीघ्र गति देने की अनुशंसा की।



## हटाया गया अवैध अतिक्रमण किया गया पौधरोपण




**जशपुरनगर।** वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत परिक्षेत्र सन्ना के कक्ष क्रमांक पी 99 रकबा 0.900 हे., वनखंड सारंगपाठ के तावापानी नामक स्थन पर शंकर यादव वल्द साधूचरण, जाति, अहीर, साकिन जोकारी के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। उक्त अतिक्रमण स्थान पर दिनांक 05.10.2025 को पौध रोपण कर अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। पौध रोपण कार्य उपरांत समस्त ग्रामीणों द्वारा संकल्प लिया गया कि उपरोक्त अतिक्रमण स्थल में लगे पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल सभी के आपसी सहयोग से किया जायेगा। यदि लगाये गये पौधों को अभियुक्त द्वारा नुकसान पहुंचाया जाता है तो उसे विरूद्ध अपराध प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# बाहुबली: द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबली: द बिगनिंग और बाहुबली 2: द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबली: द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

लाइफ Style



# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

हॉलीवुड मसाला



# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।




# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की। । बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुर: द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुर: द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुर: द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेटेंड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए।



बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।



### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।

### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

*__नई दिल्ली।__ करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

*__झील मेहता और आदित्य दुबे :__ अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप

### 8 सोलर ट्रैफिक पोस्ट का किया गया उद्घाटन

**राउरकेला।** शहर में दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ट्रैफिक की समस्या भी बढ़ती जा रही है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा लगातार कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को उदित नगर चौक समेत शहर के आठ विभिन्न चौक चौराहों पर सोलर ट्रैफिक पोस्टों का उद्घाटन किया गया है, वहीं दो ट्रैफिक पोस्ट का और उद्घाटन होना है। इन ट्रैफिक पोस्टों का औपचारिक उद्घाटन पश्चिमांचल डीआईजी ब्रिजेश राय ने उदित नगर स्थित अंबेडकर चौक में किया। इस अवसर पर राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी, एडीएम दीना दस्तगीर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीआईजी और एसपी ने कहा कि इन ट्रैफिक पोस्टों के संचालन से भीड़ नियंत्रण में मदद मिलेगी और पुलिस नागरिकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम होगी। डीआईजी ने यह भी बताया कि विभिन्न चौक-चौराहों पर ऑटोमैटिक लाइट सिग्नल बहुत जल्द लगाए जाएंगे। दूसरी ओर एडीएम दीना दस्तगीर ने जानकारी दी कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से लगाए गए 600 सीसीटीवी कैमरे भी शीघ्र ही पूर्ण रूप से कार्यरत हो जाएंगे।

### ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का निरीक्षण

**रायगढ़।** राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण श्रीमती मोनिका सिंह ने आज पुसौर विकासखंड के ग्राम पंचायत गेजामुडा, जोरापाली, कोड़ातराई, औरदा, केशला और दर्रामुडा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छग्राही समूह के सदस्यों को सूखा, गीला एवं प्लास्टिक कचरा अलग अलग संग्रह करनेए घर घर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित करने और जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। श्रीमती मोनिका सिंह ने गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का नियमित और सही उपयोग करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को कचरा फेंकने के प्रति सजग करने और सामुदायिक स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश संबंधितों को दिए। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की जिला एवं जनपद टीम ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्रामीणजन और स्वच्छग्राही समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता को जान से मारने की मिली धमकी

**राउरकेला।** भाजपा नेता एवं यूट्यूब चैनल के संपादक मनोज सतपथी को जान से मारने की धमकी मिलने से शहर के राजनीतिक गलियारों में सनसनी फैल गई है। बताया गया है कि वे इस समय मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में कैंसर का इलाज करा रहे हैं। घटना रविवार 5 अक्टूबर की रात करीब 10.25 बजे की है जब उन्हें एक अनजान नंबर से 14 सेकंड का कॉल आया। आरोप है कि कॉल करने वाले ने धमकी दी मनोज, तेरा विनाश का समय आ गया है तू वापस आ। इससे वे भयभीत हो गए और उन्होंने इसे राजनीतिक अंतर्कलह से जुड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया। धमकी मिलने के बाद सतपथी ने मुंबई से ही झीरपानी थाने में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

## महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था, प्राथमिक उपचार हेतु जेनेरिक दवाएं उपलब्ध

# चन्द्रहासिनी मंदिर परिसर में चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन, 868 श्रद्धालुओं ने लिया लाभ







हरिभूमि न्यूज ⏭ चन्द्रपुर, रायगढ़

नवरात्रि पर्व पर चन्द्रहासिनी मंदिर परिसर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अदाणी फाउंडेशन की पहल पर स्व. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति सेवा समिति के व्यवस्थापन एवं गोपाल जी महाप्रभु तथा चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया।


शिविर का शुभारंभ 22 सितम्बर को किया गया और यह 1 अक्टूबर तक चला। इस दौरान मंदिर दर्शन हेतु आये श्रद्धालुओं को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, प्राथमिक उपचार और दवाएं प्रदान की गईं। शिविर में बुखार, कमजोरी, सर्दी-जुकाम जैसे सामान्य रोगों के लिए उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। 868 लाभार्थियों ने इस शिविर से लाभ प्राप्त किया, जिनमें आसपास के गाँवों, जिलों तथा अन्य राज्यों से आये श्रद्धालु शामिल थे। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्राथमिकता के साथ जांच, उपचार और दवाओं की व्यवस्था की गई थी। शिविर में डॉक्टर रोगियों की जांच और प्राथमिक उपचार के लिए, फार्मासिस्ट दवाओं के वितरण और सलाह हेतु तथा स्वयंसेवक व्यवस्थापन, रजिस्ट्रेशन और सहयोग के लिए तैनात थे। शिविर में उपलब्ध दवाओं में लगभग 80% जेनेरिक और 20% ब्रांडेड दवाएं शामिल थीं। इस आयोजन में स्वर्गीय मुकुटधर पाण्डेय मेमोरियल सर्विस फाउंडेशन, चन्द्रपुर का भी सहयोग रहा। शिविर के सफल संचालन हेतु प्रत्येक लाभार्थी का विवरण रजिस्टर में दर्ज किया गया, जिससे भविष्य में आवश्यकतानुसार जानकारी प्राप्त की जा सके। शिविर के उद्घाटन अवसर पर अदाणी ग्रुप से चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री शशाधरा दास, प्रोजेक्ट हेड श्री अजीत राय, लैंड एंड लाइजनिंग हेड धनंजय सिंह, सीएसआर विभाग से पुरनेंद्रु एवं परमेश्वर गुप्ता तथा अदाणी फाउंडेशन से निधि सेन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन एवं नगर के गणमान्यजन भी उपस्थित रहे, जिनमें थाना प्रभारी गगन बाजपेयी, तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी, डॉ. मनहर, तिलेश माली, मंदिर न्यास से गोविन्द अग्रवाल, पूनम चंद अग्रवाल, सुजीत पाण्डेय तथा सेवा समिति से अजीत पाण्डेय प्रमुख रूप से शामिल हुए। गोविन्द अग्रवाल, सुजीत पाण्डेय एवं पूनम चंद्र अग्रवाल ने इस स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से माता के दर्शन हेतु आने वाले हजारों श्रद्धालुओं एवं भक्तों को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ की सुविधा प्राप्त होती है। साथ ही, आवश्यकतानुसार तत्काल उपचार एवं दवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे जनकल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध होती है। सीएसआर टीम के अनुसार, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान करना था, ताकि नवरात्रि के दौरान लोगों की सुविधा और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा आगामी अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर माह में कोर और रेलवे ग्रामों में 6 मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैम्प आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बच्चों, महिलाओं, त्वचा रोग और अस्थि रोगों के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# कोयल नदी से अवैध बालू की तस्करी पुलिस ने तीन हाइवा को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



कोयल नदी तट पर अवैध बालू तस्करी का खेल एक बार फिर बेनकाब हुआ है। बताया जा रहा है कि राउरकेला के बिश्रा थाना क्षेत्र के तेतरकेला इलाके से लंबे समय से बालू की चोरी कर ट्रकों में भरकर झारखंड और राउरकेला के विभिन्न हिस्सों में भेजी जा रही थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह तस्करी कुछ प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों की मिलीभगत से बेधड़क चल रही थी।

आरोप है कि खनन विभाग और बिसरा पुलिस को लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आखिरकार बंडामुंडा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई की और तीन अवैध बालू लदे हाइवा ट्रकों को जब्त कर लिया। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस अवैध धंधे में स्थानीय क्षेत्र के एक पुराने बालू माफिया की संलिप्तता होने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना के बाद प्रशासनिक ढिलाई और विभागीय सेटिंग को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी फैल गई है। लोगों ने मांग की है कि बालू माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए कोयल नदी क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए।

## जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 5 गिरफ्तार

**राउरकेला।** बंडामुंडा थाना पुलिस ने मंगलवार की रात विश्वसनीय सूचना के आधार पर एक जुआ अड्डे पर छापेमारी कर जुए के बड़े अड्डे का भंडाफोड़ किया। पुलिस की अचानक की गई इस कार्रवाई में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके से 25,200 नगद, चार मोबाइल फोन, एक मशीन, दो स्कूटर, ताश के पत्ते तथा अन्य जुआ सामग्री जब्त की गई है। सूत्रों के अनुसार यह जुआ अड्डा लंबे समय से सक्रिय था और आसपास के इलाकों के लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर छापा मारा। गिरफ्तार आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जुए के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिक शाला दहिदा में सामाजिक अंकेक्षण सह न्योता भोज संपन्न



**कटेली।** सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के तहत सामाजिक अंकेक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संस्था प्रमुख प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि टीम लीडर के रूप में प्रधान पाठक ओंकारेश्वर सिंह सिदार रहे, सिदार द्वारा प्राथमिक शिक्षा का सामाजिक अंकेक्षण सोशल ऑडिट समुदाय द्वारा स्कूल के विकास और प्रदर्शन के मूल्यांकन के रूप में किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बीस प्रश्नों के प्रश्नावली के अनुरूप अपने अभिव्यक्ति कौशल, भाषा कौशल, पियर लर्निंग आदि का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इस प्रक्रिया में समुदाय द्वारा शिक्षा की उपयोगिता, गुणवत्ता और लागत का स्थानीय स्तर पर विश्लेषण किया गया। इसके बाद एकत्र की गई जानकारी को तकनीकी दलों द्वारा ऑनलाइन दर्ज किया जाता है और राज्य स्तर पर संकलित कर विश्लेषण किया जाता है, जिससे स्कूलों को ग्रेड भी दिए जाते हैं। सामाजिक अंकेक्षण वह प्रक्रिया है, जिसमें समुदाय अपने हितों से जुड़े विकास कार्यों और कार्यक्रमों की देखरेख और मूल्यांकन स्वयं करता है।

इसमें समुदाय द्वारा शिक्षा कार्यक्रमों की उपयोगिता, गुणवत्ता, लागत और सार्थकता का स्थानीय स्तर पर विश्लेषण किया जाता है। इस दौरान संस्था प्रमुख प्रियंका गोस्वामी के प्रेरणा स्वरूप ललिता खूंटे द्वारा अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री के रूप में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के साथ पका हुआ केला फल खिलाया गया, जिसका सभी विद्यार्थियों ने आनंद लिया। इस अवसर पर ओंकारेश्वर सिंह सिदार टीम लीडर, प्रियंका गोस्वामी प्रधान पाठक, असरिता टोप्पो, संजय कुमार मिश्रा, खेमराज पटेल,मंगल सिंह सिदार, गुहाराम भारद्वाज, शैलेष यादव, बुधराम भारती, दे०रात्रे, रामेश्वर साहू, शांति रात्रे, राजू खूंटे, ललिता खूंटे, शिवलाल यादव, राजेश साहू, श्रीराम चंद्रा, ऋषि भारद्वाज, जमीला सिदार, सुरेंद्र वैष्णव सहित बड़ी संख्या में पालक और विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## वॉलीबॉल में बस्तर, क्रिकेट में रायपुर व खो-खो में बस्तर संभाग रहा प्रथम

**रायगढ़।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम में 5 से 8 अक्टूबर तक हो रहा है जिसमें राज्य के 5 संभाग के चयनित खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन व्हॉली बॉल बालक के फाइनल मैच में बस्तर प्रथम स्थान पर रहा। वहीं बिलासपुर ने द्वितीय एवं रायपुर संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार व्हॉली बॉल बालिका के फाइनल मैच में बस्तर प्रथम स्थान रही। वहीं दुर्ग द्वितीय एवं बिलासपुर तृतीय स्थान पर रही। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में क्रिकेट में रायपुर प्रथम, सरगुजा द्वितीय एवं बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। खो खो प्रतियोगिता बालक वर्ग में बस्तर संभाग प्रथम स्थान पर रहा। वहीं दुर्ग द्वितीय एवं बिलासपुर तृतीय एवं बालिका में बस्तर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय एवं दुर्ग तृतीय स्थान पर जीत पाकर नेशन शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के चयन लिए अपना नाम दावेदारी किया। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम 8 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में होगा। इस अवसर पर सेन्ट जेवियर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।





# बरबट्टी और खीरा की खेती से आत्मनिर्भर बने बाह्मनपाली के किसान राजकुमार

**रायगढ़।** कहते हैं मेहनत लगन और सही दिशा में किया गया प्रयास हर मुश्किल को आसान बना देता है। इसी बात को सच कर दिखाया है खरसिया विकासखंड के ग्राम बाह्मनपाली के प्रगतिशील किसान राज कुमार साहू ने।

**दो एकड़ में खेती से अर्जित किया 2.70 लाख रुपए का शुद्ध लाभ**

उन्होंने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर बरबट्टी और खीरा जैसी नकदी फसलों को अपनाया और सीमित संसाधनों के बावजूद आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की। श्री साहू ने अपने खेत के एक एकड़ क्षेत्र में बरबट्टी की खेती की। उद्यान विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन, उन्नत बीज, संतुलित खाद और समय पर सिंचाई के कारण उन्हें प्रति एकड़ 100 क्विंटल का उत्पादन प्राप्त हुआ। बरबट्टी का बाजार मूल्य 35 रुपए प्रति किलो रहा। प्रति एकड़ 2,00,000 रुपए की लागत आने के बाद भी उन्होंने 1,50,000 रुपए का शुद्ध लाभ कमाया। बरबट्टी के साथ श्री साहू ने एक एकड़ में खीरा की भी खेती की। समय पर जैविक खाद और उचित सिंचाई व्यवस्था के कारण प्रति एकड़ 120 क्विंटल उत्पादन मिला। खीरा का बाजार मूल्य 20 रुपए प्रति किलो रहा। लागत लगभग 1,00,000 रुपए आने के बाद, उन्हें 1,20,000 रुण्का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। बरबट्टी और खीरा दोनों फसलों से श्री साहू ने केवल दो एकड़ भूमि में 2,70,000 रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया। यह उनके दूरदर्शिता, परिश्रम और कृषि के प्रति समर्पण का परिणाम है।

किसान राज कुमार साहू का मानना है कि आज के समय में फसल विविधिकरण और उच्च मूल्य वाली फसलें अपनाना आवश्यक है। उनकी सफलता से प्रभावित होकर आसपास के किसान भी नकदी फसलों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## राउरकेला एयरपोर्ट से उड़ाने बंद हवाई सेवा का सपना धराशायी

**राउरकेला।** ओडिशा के स्टील सिटी व स्मार्ट सिटी के रूप में प्रसिद्ध राउरकेला में हवाई सेवा का सपना पूरी तरह से धराशायी होता नजर आ रहा है। राउरकेला से भुवनेश्वर और कोलकाता रूट की उड़ाने न केवल निलंबित कर दी गई है बल्कि कर्मचारियों और फ्लाइट इंजीनियरों के तबादले से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि विमान सेवा हमेशा के लिए बंद हो सकता है। कहीं ना कहीं राउरकेला हवाई अड्डा राजनीति के भेंट चढ़ गया है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री उड़ान योजना का प्रचार कर रहे हैं तो दूसरी तरफ राउरकेला एयरपोर्ट पर उड़ाने ग्राउंडेड हो गई हैं। हास्यास्पद है कि सरकार के वादे हवा में उड़ते हैं लेकिन विमान जमीन पर ही अटके रहते हैं। घटनाक्रम को तथ्यात्मक रूप से देखें तो कहानी और भी दिलचस्प है। राउरकेला एयरपोर्ट जो स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की संपत्ति है को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम उड़ान के तहत विकसित किया गया था। अप्रैल 2018 में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच पहला एमओयु हस्ताक्षरित हुआ जो 3 वर्ष का था और 2021 में समाप्त हुआ। इसके बाद हॉकी वर्ल्ड कप 2023 की तैयारी में 28 अक्टूबर 2022 को नया ओएन्ड एम अनुबंध हुआ जिसकी अवधि 27 अक्टूबर 2025 में समाप्त होने जा रही है।

## शरद पूर्णिमा की रात खोखसीपाली गांव में बही भक्ति की अमृत धारा



**सरसीवा।** शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में जब आकाश अमृत वर्षा से सराबोर था सारंगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष संजयभूषण पांडे ने समीप के ग्राम खोखसीपाली में बैगा फिरतूराम बासौडा के पवित्र आंगन में कदम रखकर एक अविस्मरणीय भक्ति उत्सव का आगाज किया। देवी देवताओं के आशीर्वाद से सुसज्जित इस पावन स्थल पर पांडे ने अपने मधुर स्वरों और खनझनी की मंत्रमुग्ध कर देने वाली झंकार से भक्तों का मन मोह लिया। भगत और भक्तों के साथ मिलकर उन्होंने भक्ति भजनों पर झूमते नाचते हुए पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से सराबोर कर दिया। उनकी सुमधुर वाणी और उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने हर दिल को भक्ति के सागर में डुबो दिया, मानो स्वयं मां शारदा और भगवान का आलौकिक सान्निध्य वहां उपस्थित हो।

# बांसउरकुली स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण



**बिलाईगढ़।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांसउरकुली में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम टीम प्रमुख विद्याभूषण बांसवार प्रधानपाठक शास प्राथमिक शाला नवापारा की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र हितैषी योजनाओं एवं मध्याह्न भोजन जैसी सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता का मूल्यांकन करना था। कार्यक्रम में अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, एसएमसी सदस्यों, शिक्षकों तथा ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यालय प्रमुख विनोद कुमार डडसेना द्वारा वर्षभर की उपलब्धियों एवं खर्चों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। उपस्थित अभिभावकों ने अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। कार्यक्रम में पारदर्शिता, जवाबदेही और सामुदायिक सहभागिता को विद्यालय विकास का आधार बताते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक विनोद कुमार डडसेना ने किया।

## ठेका श्रमिकों को दीपावली के पहले बोनस दिया जाए : अध्यक्ष

**कुड़ेकेला।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ इंटक के अध्यक्ष जनक राम पाटिल सेक्रेटरी रामायण कुलदीप ने रायगढ़ क्षेत्र के सभी ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व बोनस भुगतान किए जाने के संदर्भ में अधिकारियों को पत्र लिखा है। इस विषय में उन्होंने उल्लेख किया है कि रायगढ़ क्षेत्र के सभी उपक्षेत्रों में ठेका श्रमिक कार्यरत हैं, उनको 25 सितंबर को सीआईएल के लिए गए निर्णय के अनुसार खनन गतिविधियों में लगे ठेकेदारों के श्रमिकों को भुगतान पीआईएल योजना के अनुसार किया जाए। जोकि 26 अक्टूबर 2024 के आदेश संख्या सीआईएल सी 5बी जेबीसीसीआई एचपीसी एक्सग्रेशिया 275 के तहत परिचालित है। उन ठेकदारों के श्रमिकों को जो खनन गितिविधयों में संलग्न नहीं हैं बोनस भुगतान आधिनयम 1965 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार बोनस का भुगतान किया जाय। रायगढ क्षेत्र में कार्यरत समस्त ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व बोनस का भुगतान किया जाए।

# नहीं किया रख रखाव, इसलिए नामकरण निरस्त : सभापति


**रायगढ़।** निगम की सामान्य सभा के दौरान सावित्री जिंदल सेतु एवं ओपी जिंदल मार्ग का नामकरण निरस्त किए जाने के मामले में सभापति डिग्री साहू ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि ओपी जिंदल मार्ग एवं सावित्री जिंदल सेतु के रख रखाव के लिए चार बार पत्र जारी करने के बाद भी जिंदल ने निर्धारित समय सीमा में रख रखाव नहीं किया। स्कूली बच्चों सहित आम जनता के जीवन के खिलवाड़ ना हो इसलिए रखरखाव की जिम्मेदारी शहर सरकार की बनती है। सभापति डिग्री साहू ने कहा जनहित से जुड़ो मसलों में भी कांग्रेस का जिंदल के पक्ष में खड़े होना आश्चर्यजनक हैं। डिग्री साहू ने नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया पर आरोप मढ़ते हुए विश्वनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा सावित्री जिंदल सेतु एवं ओपी जिंदल मार्ग का नामकरण समुचित रख रखाव की शर्तों पर किया गया था लेकिन बारंबार नोटिस दिए जाने के बाद भी जिंदल रखरखाव करने में असमर्थ रहा। आश्चर्य की बात है कि पांच सालो तक जानकी काटजू की शहर सरकार जिंदल समूह से सड़क एवं पुलिया का रख रखाव नहीं करा पाई वही सभापति रहते हुए सलीम नियारिया भीं यह कार्य नहीं करवा पाए। एक चाय वाले ने महापौर बनते ही जनादेश का सम्मान करते हुए पूरी शिद्दत ईमानदारी के साथ जनता से जुड़े मामले में अपनी तत्परता दिखाई और जिंदल समूह को रख रखाव के लिए पत्र जारी करते हुए जल्दी पूरा करने का आग्रह भी किया।

TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411